जाह्नवी की फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड स्टार सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आने वाली रोमांटिक कॉमेडी फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर रिलीज हो गया है.

मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर रिलीज किया है. ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ की शानदार केमिस्ट्री नजर आ रही है. इस फिल्म में जान्हवी कपूर ने केरल की %सुंदरी% और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने दिल्ली के %परम% का किरदार निभाया है. फिल्म में नॉर्थ और साउथ का बेहतरीन तालमेल देखने को मिल रहा है.

%परम सुंदरी% की कहानी दो अलग-अलग कल्चर के कपल की कहानी है, जिन्हें एक-दूसरे से इश्क हो जाता है. जैसा कि हर फिल्म में होता है, प्यार की इन कहानियों में वैसा ही तूफान भी होता है. यहां भी इनका ये सफर इतना आसान नहीं है. इस ट्रेलर में कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन सबकुछ है.फिल्म %परम सुंदरी% 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस फिल्म को तुषार जलोटा ने निर्देशित किया है और इसे दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स ने बनाया है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि परम सुंदरी के साथ मैं उस तरह के रोमांस में लौट रहा हूं, जिसे देखकर मैं बड़ा हुआ, लेकिन इसे एक नए और रिलेटेबल अंदाज में पेश कर रहे हैं. केरल की खूबसूरती ने कहानी को और भी खास बना दिया.

जाह्नवी कपूर ने कहा कि सुंदरी मेरे लिए बेहद खास है. उसके व्यक्तित्व में एक शांत ताकत और अपनी जड़ों के प्रति गहरा प्रेम है, जिससे मैं अपनी दक्षिण भारतीय विरासत के जरिए जुड़ पाती हूं. केरल में शूटिंग के दौरान मुझे उससे गहरा भावनात्मक संबंध महसूस हुआ.

कलाकारों की आवाज़ में भारत के अनसुने नायक

आज़ादी की कहानी, मिर्ची की ज़ुबानी सीज़न 3' में आमिर खान, अजय देवगन समेत कई दिग्गज कलाकारों की आवाज़ में भारत के अनसुने नायक की कहानी सुनने को मिलेगी.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिर्ची अपनी प्रतिष्ठित पहल 'आज़ादी की कहानी, मिर्ची की ज़ुबानी' गर्व के साथ प्रस्तुत कर रहा है. यह प्रशंसित ऑडियो श्रृंखला, पिछले दोनों सीज़नों की अपार सफलता के बाद, एक बार फिर उन भूली-बिसरी गाथाओं को सामने ला रही है.यह पहल उन मौन नायकों को सम्मानित करती है, जिनके साहस, त्याग और प्रतिबद्धता का ज़िक्र समय की धूल में कहीं खो गया.यह श्रृंखला स्मरण कराती है कि आज़ादी की लड़ाई केवल महान राजनीतिक नेताओं की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की थी, जिसने अपनी आवाज़, अपनी कलम और अपने हुनर से इस संघर्ष को दिशा दी. सीज़न 3 इस अनुभव को नई उंचाइयों पर ले जाता है, जहां भारतीय सिनेमा के प्रतिष्ठित सितारे इन अनमोल कहानियों को अपनी आवाज़ देंगे.

एक चतुर नार का फर्स्ट लुक हुआ जारी

दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' का टाइटल और फर्स्ट लुक आज जारी किया गया है. टाइटल और मोशन पोस्टर से फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा मालूम पड़ता है. फिल्म के पहले लुक के सामने आने के बाद अब दर्शक फिल्म को लेकर उत्साहित हैं.मेकर्स ने फिल्म के दो मोशन पोस्टर जारी किए हैं.

एक पोस्टर में दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश एक टेबल के पास खड़े हैं. टेबल पर टमाटर और शिमला मिर्च समेत कुछ सब्जियां रखी हुई हैं. दिव्या गाजर को चाकू से काटते हुए कैमरे की तरफ चालाकी भरी नजरों से देख रही हैं. बगल में नील नितिन मुकेश श्री पीस पहने हाथों में बंदूक लिए खड़े हैं. इस मोशन पोस्टर में पीछे कैलाश खेर की आवाज में कुछ लाइन्स भी फिल्म के टाइटल से जुड़ी सुनाई दे रही हैं. एक दूसरा पोस्टर जारी किया गया है. इसमें दिव्या खोसला आंखों में काला चश्मा लगाए दिख रही हैं. जबकि उनकी चोटी नागिन के शेप में मुंह फैलाए हुए है और उस पर एक फ्लिप वाले फोन में नील नितिन मुकेश घबराए हुए नजर आ रहे हैं. इस मोशन पोस्टर में भी पीछे गाने की कुछ लाइन्स सुनाई दे रही हैं.

इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में नील और दिव्या एक दम अलग अवतार में दिखाई देंगे. टी-सीरीज द्वारा निर्मित इस फिल्म को उमेश शुक्ला ने निर्देशित किया है. 'एक चतुर नार' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया श्रीदेवी ने

बॉलीवुड में श्रीदेवी का नाम एक ऐसी स्टार अभिनेत्री के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने अपने दमदार अभिनय और दिलकश अदाओं से दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई.

श्रीदेवी का मूल नाम श्रीयम्मा यंगर था. उनका जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपटी में हुआ था. श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत महज चार वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की थी.वर्ष 1976 तक श्रीदेवी ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया. बतौर अभिनेत्री उन्होंने अपने करियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'मुंदरू मुदिची' से की. वर्ष 1977 में प्रदर्शित तमिल फिल्म '16 भयानिथनिले' की व्यावसायिक सफलता के बाद श्रीदेवी स्टार अभिनेत्री बन गई.

हिंदी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1979 में प्रदर्शित फिल्म 'सोलहवां सावन' से की लेकिन फिल्म असफल होने के बाद श्रीदेवी हिंदी फिल्म उद्योग छोड़ दक्षिण भारतीय फिल्मों की ओर लौट गई.

मीना कुमारी का किरदार निभाना चाहती है सुम्बुल तौकीर

टीवी की जानीमानी अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर सिल्वर स्क्रीन पर ट्रेजडी क्वीन मीना कुमारी का किरदार निभाना चाहती है.

सुम्बुल तौकीर इन दिनों अपने नए शो 'इत्ती सी खुशी' को लेकर चर्चा में हैं.सोनी सब पर प्रसारित होने वाले इस शो के जरिये सुम्बुल तौकीर काफी समय के बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं.

सुम्बुल तौकीर ने अपने करियर के दौरान कई टीवी शो में काम किया है. बॉलीवुड में इन दिनों जीवनी पर आधारित फिल्मों का निर्माण जोरो पर है. सुम्बुल से जब पूछा गया कि वह सिल्वर स्क्रीन पर किस अभिनेत्री का किरदार निभाना चाहती है ,इस पर उन्होंने कहा कि वह मीना कुमारी का किरदार निभाना चाहती है. उन्होंने कहा कि कौन अभिनेत्री नही चाहेगी कि उसे मीना कुमारी का किरदार निभाने का अवसर मिले. मीना कुमारी पर शायद फिल्म बनायी भी जा रही है. यदि मुझे मौका मिलता

है तो मैं मीना कूमारी का किरदार निभाना पसंद करूंगी.

सुम्बुल तौकीर ने अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 15 में काम किया है. सुम्बुल तौकीर ने बताया कि अनुभव सिन्हा के साथ काम करना उनके लिये कमाल का अनुभव रहा है. उन्होंने कहा कि अनुभव सर के साथ काम करने में काफी मजा आया. मैं उनके साथ फिर से काम करना चाहती हूं.

सुम्बुल तौकीर ने शो इत्ती सी खुशी में वरूण बडोला के साथ काम किया है. इस शो में सुम्बुल तौकीर ने वरूण बडोला की पुत्री की भूमिका निभायी है. वरूण बडोला के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर सुम्बुल ने कहा, वरूण सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है. उनके साथ काम कर काफी कुछ सीखने को मिल रहा है. वरूण सर सेट पर बीच-बीच में मुझे सुझाव देते हैं कि यदि तू यह सीन ऐसे करेगी तो ज्यादा अच्छा होगा. तब मैं यह सोंचती हूं कि मैंने इस बारे में क्यों नही सोंचा.

सुम्बुल ने अपने सह-कलाकार रजत वर्मा की भी प्रशंसा की, जो शो में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं.

आमी डाकिनी में हुई सुधा चंद्रन की एंट्री

सुप्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन सुपरनैचुरल ड्रामा आमी डाकिनी के कलाकारों में शामिल हो गई हैं.

अपनी जबरदस्त ऑन-स्क्रीन मौजूदगी और प्रभावशाली भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली सुधा चंद्रन ने रजनी के किरदार में कदम रखा है, ऐसे में कहना होगा कि उनकी एंट्री शो में एक नया रहस्य लेकर आने वाली है.शो में हितेश भारद्वाज (आयान रॉय चौधरी के रूप में), राची शर्मा (मीरा घोष के रूप में), और शीन दास (डाकिनी की डरावनी भूमिका में) मुख्य भूमिका में हैं. शो में इस नए किरदार के आने से कहानी में एक नया और रोमांचक आने वाला है.

फिल्म मनु क्या करेगा का गाना सैयां रिलीज

रोमांटिक म्यूज़िकल फ़िल्म मनु क्या करेगा का नया गाना 'सैयां' रिलीज हो गया है. गाना 'सैयां' को ललित पंडित ने कंपोज़ किया है. इस गाने को भारत की फ़ोक क्वीन मलिनी अवस्थी ने अपनी आवाज़ दी है. यह लोक-प्रेरित गीत आपके कदमों को थिरकाने पर मजबूर कर देगा. एक बार फिर, मशहूर संगीतकार ललित पंडित ने अपनी अद्वितीय कला का परिचय देते हुए प्रामाणिकता और भावनाओं का सुंदर संगम रचा है और मलिनी अवस्थी की जादुई आवाज़ ने इसमें चार चांद लगा दिए हैं.

89 वर्ष की हुईं वैजयंती माला

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री वैजयंती माला आज 89 वर्ष की हो गयीं.

तमिलनाडु में 13 अगस्त 1936 को जन्मीं वैजयंती माला ने अपने सिने करियर की शुरुआत महज 13 वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की.वर्ष 1951 में प्रदर्शित फिल्म बहार से वैजयंती माला ने बॉलीवुड में पदार्पण किया.वर्ष 1954 में प्रदर्शित फिल्म नागिन वैजयंती माला के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुयी.

वर्ष 1955 में प्रदर्शित फिल्म

देवदास वैजयंती माला के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है.विमल राय के निर्देशन में शरतचंद्र के उपन्यास पर बनी इस फिल्म में वैजयंती माला ने चंद्रमुखी के किरदार को रुपहले पर्दे पर साकार किया है.इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयीं.

वर्ष 1958 में प्रदर्शित फिल्म साधना वैजयंती माला के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार है.बी.आर.चोपड़ा निर्मित-निर्देशित फिल्म साधना में वैजयंती माला अपने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त करने में सफल रहीं.

साइंस एंड टेक्नोलॉजी

नवंबर में धरती पर होगा एलियंस का हमला?

एलियंस को लेकर सालों से अजीब अजीब दावे किए जाते रहे हैं. कई वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्रह्मांड में सिर्फ पृथ्वी ही नहीं हो सकता है जहां जीवन है, बल्कि कई ऐसे ग्रह हो सकते हैं, जहां जीवन होने की संभावना है. एलियंस को लेकर सैकड़ों फिल्में बन चुकी हैं, थ्योरी लिखे जा चुके हैं और दावा तो यहां तक किया गया है कि अमेरिका ने एक एलियन को पकड़ रखा है, जिसपर %एरिया-51% में रिसर्च होता है. इस बीच एक नये स्टडी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पृथ्वी की तरफ एक अंतरिक्ष यान काफी तेज रफ्तार से बढ़ रहा है और वो विमान एलियंस का हो सकता है. स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर तक एलियन हमारे ग्रह तक पहुंच सकते हैं और हमला कर सकते हैं.

शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि पृथ्वी की तरफ तेज रफ्तार से बढ़ रहा वो एक एलियन विमान हो सकता है, जो हमारे ग्रह पर एक आश्चर्यजनक हमला कर सकता है. इस स्टडी रिपोर्ट को जारी करने वाले वैज्ञानिक का नाम एवी लोएब है, जो हार्वर्ड विश्वविद्यालय में खलोगविद् हैं. उन्होंने एलियंस के ऊपर एक किताब भी लिखी है और वो हमेशा से दावा करते रहे हैं कि पृथ्वी पर एलियंस का हमला होना निश्चित है.

वैज्ञानिकों ने खोजा सबसे बड़ा ब्लैक होल

यह विशालकाय ब्लैक होल 2 बड़े Black Holes के मिलने से बना है. वैज्ञानिकों का मानना है कि, इनमें से हर एक ब्लैक होल का वजन सूर्य से 100 से 140 गुना ज्यादा रहा होगा. यह काफी अजीब है क्योंकि इतने बड़े ब्लैक होल तारों के खत्म होने से नहीं बन सकते. जब बहुत बड़े तारे खत्म होते हैं तो वो कोई अवशेष नहीं छोड़ते. इसके अलावा वैज्ञानिकों ने ये भी पता लगाया है कि ये ब्लैक होल अपनी सबसे तेज घूमने की गति से 80 से 90 प्रतिशत की रफ्तार से घूम रहे थे. अब तक यह सबसे तेजी से घूमने वाले ब्लैक होल हैं.

वैज्ञानिकों की टीम ने नवंबर 2023 में बहुत ही बड़ा ब्लैक होल विलय खोजा था जिसे स्लङ्क नेटवर्क के चौथे परीक्षण के दौरान खोजा गया था. वैज्ञानिकों ने इसका नाम G W231123 रखा. LKV नेटवर्क 3 बड़े Gravitational Rays से मिलकर बना है जिनके नाम LIGO, VIRGO और KAGRA हैं. इसकी शुरुआत 2015 में हुई थी जब LIGO ने पहली बार इसका पता लगाया था.वैज्ञानिकों को इसकी भी उम्मीद है कि भविष्य में Gravitational Rays ब्लैक



होल के अंदर देखने में मदद करेगी.यह नई खोज डुह्द्धद्ब1 नाम के ऑनलाइन सर्वर पर एक स्टडी में छपी है.

यह एक प्रीप्रिंट स्टडी है जिसका मतलब है कि अभी इसकी जांच बाकी है. वैज्ञानिक मार्क हैमन का कहना है कि इतने बड़े ब्लैक होल का बनना सामान्य तारकीय विकास मॉडल के हिसाब से नामुमकिन है जिस वजह से इसकी और गहराई से जांच की जा रही है. इससे ब्लैक होल्स के निर्माण की और जानकारी सामने आएगी.

रेडमी नोट 15 प्रो सीरीज जल्द होगी लॉन्च

चाइनीज स्मार्टफोन मेकर Redmi की रेडमी नोट 15 प्रो सीरीज इस महीने लॉन्च करने वाले हैं. इसमें रेडमी नोट 15 प्रो और रेडमी नोट 15 प्रो + शामिल हो सकते हैं. इस सीरीज के रेडमी नोट 15 प्रो + में 7,000mAh की बैटरी के साथ सैटेलाइट कनेक्टिविटी मिल सकती है.

रेडमी नोट सीरीज की 10 से ज्यादा देशों में बिक्री की जा रही है. इस साल की पहली छमाही में 175 डॉलर से 499 डॉलर यानी 44,000 रुपये की प्राइज रेंज में चीन में इस सीरीज के स्मार्टफोन्स की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है. इस पोस्ट के साथ दी गई इमेज के नीचे लिखा है कि रेडमी नोट 15 प्रो सीरीज को इस महीने लॉन्च किया जाएगा. थॉमस ने कहा कि, हमने मैटीरियल्स, क्वालिटी स्टैंडर्ड्स और सपोर्ट में नए इंडस्ट्री स्टैंडर्ड्स तय किए हैं.

शाओमी की सब्सिडियरी रेडमी की नोट 15 प्रो सीरीज के रेडमी नोट 15 प्रो + में क्वाड-कर्व्ड डिस्पेल 1.5ञ्य रिजॉल्यूशन के साथ हो सकता है. इसमें प्रोसेसर के तौर पर स्नैपड्रैगन 7ह्य त्तद्दठ्ठ 3 दिया जा सकता है.

इस स्मार्टफोन में 7000mAh की बैटरी हो सकती है. रेडमी नोट 15 प्रो + में डुअल रियर कैमरा यूनिट दी जा सकती है. इसमें 50मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 50 मेगापिक्सल का टेलीफोटो कैमरा हो सकता है. शॉर्ट मैसेज सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम के लिए सपोर्ट होने का दावा किया गया है. अगर ये दावा सही होता है तो ये सैटेलाइट कनेक्टिविटी को सपोर्ट करने वाला रेडमी का पहला स्मार्टफोन होगा.

व्हाट्सएप स्टेटस में मस्ती का तड़का

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने अपने स्टेटस सेक्शन को और आकर्षक बनाने के लिए चार बड़े फीचर्स लॉन्च किए हैं हाल ही में कंपनी ने ऐप में कुछ ऐसे फीचर्स जोड़े हैं जिनसे यूजर एक्सपीरियंस काफी बेहतर हो गया है. इसी बीच, एक बार फिर कंपनी ने अब व्हाट्सएप के स्टेटस में नए फीचर्स जोड़े हैं, जिनकी मदद से स्टेटस लगाना और भी मजेदार हो गया है.

लेआउट फीचर- सबसे पहले नए अपडेट के बाद कंपनी ने एक लेआउट फीचर पेश किया है जिसके जरिए यूजर्स सीधे व्हाट्सएप के अंदर ही कोलाज बना सकते हैं, यानी अब आपको किसी थर्ड पार्टी एडिटिंग एप्लीकेशन की जरूरत नहीं है. आप सीधे व्हाट्सएप में ही सही तस्वीर चुनकर कोलाज बनाकर शेयर कर सकते हैं. यहां आप अपनी किसी भी खास ट्रिप की यादों या रोजाना की तस्वीरों को इंस्टाग्राम स्टाइल में आसानी से शेयर कर सकते हैं, यानी अब आपको व्हाट्सएप पर ही ये कमाल की सुविधा मिल जाएगी.

म्यूजिक स्टिकर- कुछ समय पहले कंपनी ने इंस्टाग्राम की तरह ही व्हाट्सएप पर भी स्टेटस में म्यूजिक ऐड करने की सुविधा दी थी, जिसके बाद अब कंपनी ने इसमें और सुधार करते हुए इसमें म्यूजिक स्टीकर ऐड किया है, जिससे अब आप अपनी फोटो में म्यूजिक का एक खास स्पीकर जोड़ सकते हैं और अपनी स्टेटस को नया लुक दे सकते हैं.

फोटो स्टिकर- यह फीचर इंस्टाग्राम पर उपलब्ध फीचर जैसा ही लगता है जहां आप अपनी किसी भी फोटो को कस्टम स्टिकर में बदल सकते हैं. इसमें आप फोटो को क्रॉप, रिसाइज और शेप को बदल सकते हैं और उसे अपने स्टेटस अपडेट में शेयर भी कर सकते हैं.

ऐड योर

बेहतरीन पलों को शेयर करने के लिए पॉपुलर ऐड योर फीचर अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध है. इस फीचर से यूजर्स अपनी तस्वीरों के साथ बेस्ट कॉफी मोमेंट जैसे कैप्शन ऐड करके उन्हें शेयर कर सकते हैं, जिसके जवाब में आपके दोस्त भी उस पर तस्वीरें और वीडियो शेयर कर सकते हैं. यह फीचर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पहले से मौजूद है